प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- चुनाव आयोग के सी विजिल एप पर प्रदेश में आचार संहिता के उल्लघन की 681 शिकायतें मिली–ढाई सौ से ज्यादा का किया गया समाधान।
- निर्वाचन आयोग ने केन्द्र और राज्यों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से अनाधिकृत राजनैतिक पोस्टर तत्काल हटाने के दिये निर्देश।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को 31 मार्च को भी अपनी शाखाएं खुली रखने को कहा।
- राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पीजी 23 जून को होगी आयोजित।

00000

लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्वाचन आयोग के 'सी विजिल' एप के माध्यम से अब तक 681 शिकायते मिली है। इनमें से 277 का समाधान कर दिया गया हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अवैध पोस्टर और बैनर को लेकर सबसे ज्यादा 326 शिकायतें मिली, जिनमें 234 सही पायी गयी। इसी तरह शराब वितरण की 14 शिकायतों में 2 सही पायी गयी, जिन पर समय पर कार्रवाई की गयी। सबसे ज्यादा 155 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि लोग इस एप का इस्तेमाल करके कदाचार की घटना की जानकारी भेज सकते है। इस एप में शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखे जाने का भी विकल्प है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

00000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इनमें जयपुर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के लिए एक–एक प्रत्याशी शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि जयपुर के लिए शशांक ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। वहीं, जयपुर ग्रामीण के लिए राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी आदित्य प्रकाश शर्मा ने नामांकन पत्र भरा। श्री गुप्ता ने बताया कि 12 सीटों के लिए हो रहे इस पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी। उन्होंने कहा कि 23, 24 और 25 मार्च को राजकीय अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं भरे जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

00000

लोकसभा चुनाव के तहत कुछ स्थानों पर प्रत्याशियों ने अपने स्तर पर ही चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। इसी कडी में भरतपुर में होली के साथ चुनावी रंगत भी नजर आ रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा अन्य दल के प्रत्याशी भी घर–घर जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

00000

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र, राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से सभी अनाधिकृत राजनीतिक पोस्टर तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को कई पक्षों से शिकायतें मिल रही हैं कि अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन कई स्थानों पर अभी भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों का अनुपालन न होने या आंशिक अनुपालन होने को गम्भीरता से लिया है और इस मामले में आज शाम तक अनुपालन रिपोर्ट देने को कहा है।

0000

मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रदेश के नगरीय निकायों में घर–घर कचरा संग्रहण के लिये चलने वाली गाड़ियों पर जागरूकता संबंधी ऑडियो संदेशों का प्रसारण किया जायेगा। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक और संयुक्त सचिव सुरेश ओला ने मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कल नगर निगम के अधिकारियों से संवाद कर ये निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जागरूकता संदेश प्रसारित करने को भी कहा। इस बीच स्वीप गतिविधियो के तहत कल झालावाड के गढ परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्र–छात्राओं और आमलोगों से बातचीत की तथा लोकतंत्र के पर्व में बढचढकर भागीदारी निभाने को कहा। टोंक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। डूंगरपुर में गेपसागर की पाल पर रंगोली बनाकर लोगो को मतदान का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त और अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित आम लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगो को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। नागौर में मतदाता जागरूकता अभियान के शुंभकर राजहंस के बैनर तले स्वीप की टीम जगह जगह पहुंचकर लोगों में मतदान की अलख जगा रही है।

0000

सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर श्रमिक चौपाटी और प्रेम मंदिर सिनेमा के पास मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुए। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को अवश्य मतदान की शपथ दिलाई गीई।

0000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति है। दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान रही है। श्री मोदी ने कहा कि अब से कुछ ही सप्ताह में भारत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अरब मतदाताओं के मतदान करने के साथ, यह मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी अभ्यास होगा। भारत के लोग एक बार फिर लोकतंत्र में अपना विश्वास जताएंगे।

0000

रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखने का परामर्श जारी किया हैं। ये परामर्श इसलिए जारी किया गया है ताकि प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब–किताब चालू वित्त वर्ष में ही किया जा सके।

0000

राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पीजी अब 23 जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 जुलाई को होनी थी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने एक अधिसूचना में कहा है कि परीक्षा की पात्रता के लिए इंटर्नशिप पूरा करने की कट–ऑफ डेट पूर्व निर्धारित 15 अगस्त ही रहेगी। परिणाम 15 जुलाई को घोषित किए जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 16 सितंबर से शुरू होगा।

0000

केंद्र सरकार ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय के अंतर्गत फैक्ट चेक यूनिट को सरकार की तथ्य जांच इकाई के रूप में अधिसूचित किया है। इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक गजट नोटिफिकेशन जारी की।

0000